भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या : *319

जिसका उत्तर 23 मार्च, 2026 को दिया जाना है

कोयला एक्सचेंज और खदान बंद करने संबंधी सुधार

*319. **श्री अरूण सिंह:**

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कोल ट्रेडिंग एक्सचेंज (सीटीई) की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) वाणिज्यिक कोयला खनन नीति के अंतर्गत आवंटित 131 कोयला ब्लॉकों में से फरवरी, 2026 तक कितने कोयला ब्लॉकों ने वास्तव में उत्पादन शुरू कर दिया है;

(ग) निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में विलंब के लिए लगाई गई शास्तियों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने पुनर्वास के लिए संशोधित झरिया मास्टर प्लान तैयार कर लिया है और भूमिगत खदानों में लंबे समय से हो रही आग लगने की घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए किन-किन नई प्रौद्योगिकियों का उपयोग किया जा रहा है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कोयला और खान मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ड.) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

कोयला एक्सचेंज और खदान बंद करने संबंधी सुधार के संबंध में श्री अरूण सिंह द्वारा दिनांक 23.03.2026 को पूछे जाने वाले राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *319 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित विवरणः

(क) : कोयला मंत्रालय ने खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2025 के विधायी प्रावधानों के अनुसरण में देश में कोयला एक्सचेंज (एक्सचेंजों) की स्थापना की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2025 की धारा 18ख केंद्र सरकार को कोयला विनिमय के उद्देश्य के लिए नियम बनाने का अधिकार प्रदान करती है। उपबंधों के अनुसरण में, कोयला मंत्रालय ने कोयला विनिमय नियम तैयार करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है, जो देश में स्थापित किए जाने वाले कोल एक्सचेंज (एक्सचेंजों) के उद्देश्यों और संरचना का प्रावधान करेंगे।

(ख) : वाणिज्यिक कोयला खनन नीति के तहत आवंटित 131 कोयला ब्लॉकों में से, 21 कोयला ब्लॉकों ने खान खोलने की अनुमति प्राप्त कर ली है और 12 कोयला ब्लॉकों ने दिनांक 28 फरवरी, 2026 को कोयला उत्पादन करना शुरू कर दिया है।

(ग) : वर्ष 2020 के बाद वाणिज्यिक नीलामी स्कीम के अंतर्गत आबंटित कोयला ब्लॉकों के विरुद्ध लगाई गई शास्ति का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(घ) और (ड.) : सरकार ने झरिया कोलफील्ड के प्रभावित परिवारों की आग, धंसाव और पुनर्वास से निपटने के लिए जून, 2025 में संशोधित झरिया मास्टर प्लान (जेएमपी) को अनुमोदित कर दिया है। संशोधित जेएमपी का प्रारंभिक चरण 81 अत्यधिक संवेदनशील स्थलों के लिए लागू है और प्रारंभिक चरण दिसंबर, 2028 तक पूरा किया जाएगा।

उत्खनन के माध्यम से खुदाई करके अथवा ओवरबर्डन (ओबी) द्वारा ब्लेंकेटिंग से आग को बुझाया जा रहा है। इस प्रक्रिया की सफलता की निगरानी करने के लिए, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड सतही आग का पता लगाने के लिए समय-समय पर राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र (एनआरएससी), हैदराबाद के माध्यम से सर्वेक्षण करता है।

वर्ष 2017-18 की एनआरएससी सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, सतही आग का क्षेत्र 3.26 वर्ग किमी था, जो वर्ष 2024-25 में घटकर 1.53 वर्ग किमी हो गया है। इसके अलावा, वर्ष 2020-21 के सर्वेक्षण के अनुसार, आग लगने के 27 स्थान थे, जिनमें से 17 को अब तक उत्खनन और ओबी के माध्यम से ब्लेंकेटिंग द्वारा निपटाया गया है।

****

अनुबंध

(राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *319 जिसका उत्तर 23.03.2026 को दिया जाना है)

निष्पादन बैंक गारंटी कटौती का विवरण							
क्रम संख्या	**कोयला खानें**	**आवंटिती**	**लक्ष्यों की प्राप्ति न होना**	**विनियोजन/समाप्ति आदेश की तारीख**	**विनियोजन राशि (रु)**	**विनियोजित**	**न्यायालयी मामले के कारण विनियोजित नहीं किया गया**
1	मर्की मंगली-II	मैसर्स यजदानी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड	खनन योजना का अनुमोदन	06-11-2023	₹ 2,28,30,958.00	₹ 2,28,30,958.00	₹ 0.00
2	मर्की मंगली IV	मैसर्स सौभाग्य मर्केंटाइल लिमिटेड	एमएस-II, खान योजना का अनुमोदन	22.05.2025	₹ 8,84,17,773.98	₹ 8,84,17,773.98	₹ 0.00
3	दहेगांव गोवारी	मैसर्स अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड	एमएस-2, खनन योजना का अनुमोदन	26.02.2026	₹ 2,29,83,095.00	₹ 2,29,83,095.00	₹ 0.00
4	धीरौली	स्ट्रैटाटेक मिनरल रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड	पर्यावरण स्वीकृति-एमएस-3	29/02/2024	₹ 46,91,68,386.87	₹ 46,91,68,386.87	₹ 0.00

निष्पादन बैंक गारंटी कटौती का विवरण							
क्रम संख्या	**कोयला खानें**	**आवंटिती**	**लक्ष्यों की प्राप्ति न होना**	**विनियोजन/समाप्ति आदेश की तारीख**	**विनियोजन राशि (रु)**	**विनियोजित**	**न्यायालयी मामले के कारण विनियोजित नहीं किया गया**
5	सहापुर पश्चिम	सारदा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड	पर्यावरण स्वीकृति-एमएस-3	29/02/2024	₹ 6,88,95,341.57	₹ 0.00	₹ 6,88,95,341.57
6	शाहपुर पूर्व	मैसर्स चौगुले एंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड	पर्यावरण स्वीकृति में विलंब	27/03/2024	₹ 10,48,64,923.00	₹ 0.00	₹ 10,48,64,923.00
7	गोंदबहेरा उझेनी पूर्व	मैसर्स महान एनर्जेन लिमिटेड	जीआर (एमएस-1) की तैयारी में विलंब	15/02/2025	₹ 1,69,04,063.00	₹ 1,69,04,063.00	₹ 0.00
8	बेहराबांध नॉर्थ एक्सटेंशन	ऑरो कोल प्राइवेट लिमिटेड	जीआर (एमएस-1) की तैयारी में विलंब	14/02/2025	₹ 2,32,68,750.00	₹ 2,32,68,750.00	₹ 0.00
9	मरवाटोला VI	जेएसडब्ल्यू सीमेंट लिमिटेड	खनन योजना (एमएस-2) का अनुमोदन	18/06/2025	₹ 17,95,32,287.00	₹ 0.00	₹ 17,95,32,287.00
10	चोरीतांड तिलैया	मैसर्स रूंगटा मेटल्स प्राइवेट लिमिटेड	खनन योजना अनुमोदन	04.12.2025	₹ 4,36,33,188.00	₹ 0.00	₹ 4,36,33,188.00

निष्पादन बैंक गारंटी कटौती का विवरण							
क्रम संख्या	**कोयला खानें**	**आवंटिती**	**लक्ष्यों की प्राप्ति न होना**	**विनियोजन/समाप्ति आदेश की तारीख**	**विनियोजन राशि (रु)**	**विनियोजित**	**न्यायालयी मामले के कारण विनियोजित नहीं किया गया**
11	पाताल ईस्ट ईस्टर्न पार्ट	मैसर्स आरसीआर स्टील वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड	खनन योजना अनुमोदन	23.12.2025	₹ 1,25,25,322.30	₹ 0.00	₹ 1,25,25,322.30
12	जोगेश्वर एंड खास जोगेश्वर	साउथ वेस्ट पिनेकल एक्सप्लोरेशन लिमिटेड	1. सीबीए अधिनियम, 1957 की धारा 4 के तहत पूर्वेक्षण लाइसेंस या अधिसूचना, जैसा लागू हो 2. ड्रिलिंग/अन्वेषण का समापन 3. भूवैज्ञानिक रिपोर्ट (जीआर) एमएस-1 तैयार करना	20.11.2023	₹ 30,37,500.00	₹ 30,37,500.00	₹ 0.00
13	जोगेश्वर एंड खास जोगेश्वर	साउथ वेस्ट पिनेकल एक्सप्लोरेशन लिमिटेड	आवंटन आदेश की तारीख एमएस-1 से 24 माह के भीतर भूवैज्ञानिक रिपोर्ट (जीआर) तैयार नहीं की गई	10.02.2025	₹ 30,37,500.00	₹ 30,37,500.00	₹ 0.00

निष्पादन बैंक गारंटी कटौती का विवरण							
क्रम संख्या	**कोयला खानें**	**आवंटिती**	**लक्ष्यों की प्राप्ति न होना**	**विनियोजन/समाप्ति आदेश की तारीख**	**विनियोजन राशि (रु)**	**विनियोजित**	**न्यायालयी मामले के कारण विनियोजित नहीं किया गया**
14	बसंतपुर	गोक्वेस्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (जिसे पूर्व में गंगारामचक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)	भूवैज्ञानिक रिपोर्ट (जीआर) की तैयारी आवंटन आदेश की तारीख एमएस-1 से 15 माह के भीतर नहीं की गई है	11.03.2025	₹ 23,47,407.00	₹ 23,47,407.00	₹ 0.00
15	रौता क्लोस्ड	श्रीसत्य माइन्स प्राइवेट लिमिटेड	भूवैज्ञानिक रिपोर्ट (जीआर) की तैयारी आवंटन आदेश की तारीख एमएस-1 से 24 माह के भीतर नहीं की गई	10.06.2025	₹ 14,17,500.00	₹ 14,17,500.00	₹ 0.00

निष्पादन बैंक गारंटी कटौती का विवरण							
क्रम संख्या	**कोयला खानें**	**आवंटिती**	**लक्ष्यों की प्राप्ति न होना**	**विनियोजन/समाप्ति आदेश की तारीख**	**विनियोजन राशि (रु)**	**विनियोजित**	**न्यायालयी मामले के कारण विनियोजित नहीं किया गया**
16	रौता क्लोस्ड	श्रीसत्य माइन्स प्राइवेट लिमिटेड	1. सीबीए अधिनियम, 1957 की धारा 4 के तहत पूर्वेक्षण लाइसेंस या अधिसूचना, जैसा लागू हो 2. ड्रिलिंग/अन्वेषण का समापन 3. भूवैज्ञानिक रिपोर्ट (जीआर) एमएस-1 तैयार करना	08.03.2024	₹ 14,17,500.00	₹ 14,17,500.00	₹ 0.00
17	बुराखाप स्मॉल पैच	श्रीसत्य माइन्स प्राइवेट लिमिटेड	खान योजना, एमएस II का अनुमोदन	12.06.2025	₹ 10,87,79,469.00	₹ 10,87,79,469.00	₹ 0.00
18	उरमा पहाड़ीटोला	मैसर्स ऑरो इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड	आवंटन आदेश की तारीख से 15 माह के भीतर भूवैज्ञानिक रिपोर्ट (जीआर) तैयार नहीं की गई	01.08.2024	₹ 2,16,00,000.00	₹ 2,16,00,000.00	₹ 0.00
19	गोंडुलपारा	मैसर्स अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड	खान योजना, एमएस II का अनुमोदन	03.08.2024	₹ 18,78,73,420.00	₹ 18,78,73,420.00	₹ 0.00

निष्पादन बैंक गारंटी कटौती का विवरण							
क्रम संख्या	**कोयला खानें**	**आवंटिती**	**लक्ष्यों की प्राप्ति न होना**	**विनियोजन/समाप्ति आदेश की तारीख**	**विनियोजन राशि (रु)**	**विनियोजित**	**न्यायालयी मामले के कारण विनियोजित नहीं किया गया**
20	वृंदा और ससई	डालमिया सीमेंट भारत लिमिटेड	खान योजना, एमएस II का अनुमोदन	28.10.2025	₹ 5,04,14,418.23	₹ 5,04,14,418.23	₹ 0.00
21	चकला	हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एचआईएल)	पर्यावरण स्वीकृति, एमएस III	06.11.2024	₹ 24,18,99,473.30	₹ 0.00	₹ 24,18,99,473.30
22	जितपुर	टेरी माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड	खान योजना, एमएस II का अनुमोदन	26.02.2026	₹ 7,07,95,123.000	₹ 7,07,95,123.000	₹ 0.00
23	बिंजा	असम मिनरल डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड	आवंटन आदेश की तारीख से 15 माह के भीतर भूवैज्ञानिक रिपोर्ट (जीआर) तैयार नहीं की गई	22.05.2025	₹ 58,80,000.00	₹ 58,80,000.00	₹ 0.00
24	बिंजा	असम मिनरल डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड	आवंटन आदेश की तारीख से 24 माह के भीतर भूवैज्ञानिक रिपोर्ट (जीआर) तैयार नहीं की	25.02.2026	₹ 58,80,000.00	₹ 58,80,000.00	₹ 0.00

निष्पादन बैंक गारंटी कटौती का विवरण							
क्रम संख्या	कोयला खानें	आवंटिती	लक्ष्यों की प्राप्ति न होना	विनियोजन/समाप्ति आदेश की तारीख	विनियोजन राशि (रु)	विनियोजित	न्यायालयी मामले के कारण विनियोजित नहीं किया गया
			गई				
25	दातिमा	श्री सीमेंट लिमिटेड	खनन योजना अनुमोदन	26.06.2025	₹ 3,63,51,707.00	₹ 3,63,51,707.00	₹ 0.00
26	कास्ता पूर्व	जीतुसोल डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड	खान योजना का अनुमोदन -एमएस - 2	06.03.2024	₹ 2,55,27,988.55	₹ 2,55,27,988.55	₹ 0.00
27	उत्कल सी	जेएसपीएल	खान योजना का अनुमोदन -एमएस - 2	14.02.2025	₹ 27,06,30,820.00	₹ 27,06,30,820.00	₹ 0.00
28	राधिकापुर पश्चिम	वेदांता लिमिटेड	पर्यावरण स्वीकृति	21.07.2025	₹ 29,23,55,117.68	₹ 0.00	₹ 29,23,55,117.68
29	बंखुई	मैसर्स यजदानी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड	आवंटन से 15 माह के भीतर भूवैज्ञानिक रिपोर्ट (जीआर) को तैयार नहीं किया गया	21.10.2025	₹ 58,85,625.00	₹ 58,85,625.00	₹ 0.00
30	बिजाहन	मैसर्स महानदी माइंस एंड	खान योजना का अनुमोदन -एमएस - 2	05.02.2026	₹ 21,59,52,375	₹ 21,59,52,375	₹ 0.00

निष्पादन बैंक गारंटी कटौती का विवरण							
क्रम संख्या	**कोयला खानें**	**आवंटिती**	**लक्ष्यों की प्राप्ति न होना**	**विनियोजन/समाप्ति आदेश की तारीख**	**विनियोजन राशि (रु)**	**विनियोजित**	**न्यायालयी मामले के कारण विनियोजित नहीं किया गया**
		मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड					
31	गरमपानी	असम खनिज विकास निगम	खान योजना का अनुमोदन -एमएस - 2	08.03.2024	₹ 4,39,26,310.13	₹ 4,39,26,310.13	₹ 0.00
32	कोइलाजन	असम खनिज विकास निगम	खान योजना का अनुमोदन -एमएस - 2	06.03.2024	₹ 27,75,823.07	₹ 27,75,823.07	₹ 0.00
		कुल			**₹ 2,65,08,09,165.68**	**₹ 1,70,71,03,512.83**	**₹ 94,37,05,652.85**